

# कोरोना संक्रमित मरीजों का निजी चिकित्सा संस्थानों में ईलाज दर के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना

बिहार सरकार

**स्वास्थ्य विभाग**

## जिलावार वर्गीकरण एवं श्रेणीवार दर का निर्धारण

स्वास्थ्य विभागीय पत्रांक–370/(अ0स0को0) दिनांक–20.08.2020 के द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में

**कोरोना संक्रमित मरीजों का ईलाज कर रहे राज्य के प्राधिकृत निजी चिकित्सा संस्थानों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत कर ईलाज हेतु प्रतिदिन अधिकतम दर निर्धारित की गई है।**

### शहरों/जिलों का वर्गीकरण

श्रेणी : A - पटना
श्रेणी : B - भागलपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गया एवं पूर्णिया
श्रेणी : C - शेष अन्य जिले।

### शुल्क का निर्धारण

सरकार द्वारा कोविड-19 संक्रमित मरीजों का ईलाज कर रहे विभिन्न अधिकृत निजी चिकित्सालयों हेतु निम्नलिखित प्रतिदिन दर का निर्धारण किया गया है:-

| सतर्क रहें स्वस्थ रहें | श्रेणी :- A | | श्रेणी :- B | | श्रेणी :- C | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | जिलों के निजी अस्पतालों में कोविड-19 पॉजिटिव मरीजों के चिकित्सा हेतु अधिकतम शुल्क निम्नवत् निर्धारित की गई है:- | | जिलों में स्थित श्रेणी 'A' के निजी अस्पतालों के दरों का क्रमशः 80 प्रतिशत प्रतिदिन अधिकतम शुल्क निर्धारित किया गया है :- | | जिलों में स्थित श्रेणी 'A' के निजी अस्पतालों के दरों का क्रमशः 60 प्रतिशत प्रतिदिन अधिकतम शुल्क निर्धारित किया गया है :- | |
| अस्पतालों का वर्गीकरण | एन0ए0बी0एच (NABH) मान्यता प्राप्त अस्पताल | अस्पताल जिन्हें एन0ए0बी0एच0 (NABH) से मान्यता प्राप्त नहीं है | एन0ए0बी0एच (NABH) मान्यता प्राप्त अस्पताल | अस्पताल जिन्हें एन0ए0बी0एच0 (NABH) से मान्यता प्राप्त नहीं है | एन0ए0बी0एच (NABH) मान्यता प्राप्त अस्पताल | अस्पताल जिन्हें एन0ए0बी0एच0 (NABH) से मान्यता प्राप्त नहीं है |
| सामान्य रूप से बीमार (आईसोलेशन बेड ऑक्सीजन के साथ सपोर्टिव केयर) | 10,000/- | 8,000/- | 8,000/- | 6,400/- | 6,000/- | 4,800/- |
| गंभीर रूप से बीमार (वेंटिलेटर के बगैर आई0सी0यू0 में देखभाल) | 15,000/- | 13,000/- | 12,000/- | 10,400/- | 9,000/- | 7,800/- |
| अति गंभीर रूप से बीमार (वेंटिलेटर के साथ आई0सी0य0 में देखभाल) | 18,000/- | 15,000/- | 14,400/- | 12,000/- | 10,800/- | 9,000/- |

- यह दर एक पैकेज के रूप में होगा जिसमें शैय्या, पथ्य, नर्सिंग केयर, चिकित्सकीय परामर्श, विभिन्न जांचे, Co-morbidity की मानक चिकित्सा हेतु शुल्क, ऑक्सिजन तथा ब्लड ट्रांसफ्यूज़न आदि का शुल्क भी इसमें सम्मिलित होगा।
- उक्त निर्धारित दर में मेडिकल केयर के साथ-साथ Co-morbid condition शामिल हैं, क्योंकि बहुत सारे कोविड-19 मरीज उच्च रक्तचाप, डायबिटिज एवं हृदय रोग से ग्रसित होते हैं। सभी Co-moribidities की चिकित्सा भी इसी सीमा के अंतर्गत की जाएगी। इसी शुल्क में Short term Hemodialysis का शुल्क भी सम्मिलित होगा।
- कोविड-19 की जांच तथा IL-6 के स्तर की जांच का शुल्क इस दर में सम्मिलित नहीं है।
- गर्भवती माता के प्रसव शुल्क एवं नवजात की देखभाल हेतु व्यय इसमें सम्मिलित नहीं हैं।

**ऊपर वर्णित दरों से अधिक शुल्क लेने संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर उल्लंघनकर्त्ताओं के विरुद्ध "Covid-19 Regulations 2021, Disaster Management Act 2005, एवं The Epidemic Disease Act 1897" के अंतर्गत कार्रवाई की जा सकती है।**

**जीवन्त बिहार... सपना हो साकार** | **अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाईन नम्बर 104 पर संपर्क करें**